फर्द अहकाम

अनिल कुमार बनाम सरकार

संख्या: 296/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
5.09.2024	वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम, पिता का नाम व पता दुरूस्त करवाने का पेश किया बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने निवेदन किया कि ग्राम रामसिंहपुरा, पटवार मण्डल रामसिंहपुरा, भू.अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र वाटिका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के आराजी खसरा नम्बर 2695/2471 रकबा 0.5129 हैक्टेयर की कृषि भूमि की जमाबंदी में स्वतः स्वीकृत नामान्तकरण संख्या 1128 में अनिल पुत्र पीर्थिव, जाति राजपूत, निवारी मकान संख्या 164, गोपाल नगर, स्कूल, जयपुर अंकित हो गया है जिसको अनिल कुमार पुत्र श्री पृथ्वी सिंह, जाति राजपूत, निवासी प्लॉट नम्बर 164, श्री गोपाल नगर, जयपुर चिल्ड्रन एकेडमी के सामने, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर शुद्ध किया जावें। बहस वकील प्रार्थी व पत्रावली में संलग्न दस्तावेज का अवलोकन करने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत द्वारा 136 भू-राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाकर ग्राम रामसिंहपुरा, पटवार मण्डल रामसिंहपुरा, भू.अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र वाटिका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के आराजी खसरा नम्बर 2695/2471 रकबा 0.5129 हैक्टेयर की कृषि भूमि की जमाबंदी में अनिल पुत्र पीर्थिव, जाति राजपूत, निवारी मकान संख्या 164, गोपाल नगर, स्कूल, जयपुर के स्थान पर अनिल कुमार पुत्र श्री पृथ्वी सिंह, जाति राजपूत, निवासी प्लॉट नम्बर 164, श्री गोपाल नगर, जयपुर चिल्ड्रन एकेडमी के सामने, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर शुद्ध किये जाने के आदेश तहसीलदार सांगानेर को दिये जाते है आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Himmat Singh Date: 2025.04.02 12:52:23 IST Reason: SelfAttested (... सिंह) उपखण्ड अधिकारी जयपुर-द्वितीय (सांगानेर) जयपुर	